HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर दिनांक 14.03.2023

श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर श्री शुभम पटेल का जनपद से स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह आयोजित कर दी गयी भावभीनी विदाईः-

आज दिनांक 14.03.2023 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर श्री शुभम पटेल का जनपद से स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी तथा फूलमाला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य तथा सेवाकाल में आगे आने वाली चुनौतियों के लिये उन्हे शुभकामनायें दी गयी। समारोह में उपस्थित अधिकारीगण द्वारा जनपद में कर्तव्यों के निर्वहन हेतु किये गये सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की गयी। इस मौके पर श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा उन्हे स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। निवर्तमान एसपी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनकी मृदुभाषिता व मिलनसार व्यक्तित्व की चर्चा की साथ ही कहा कि जनपद में शांति/विधि व्यवस्था बनाए रखने में भी जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के साथ काम किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह/पुष्पगुच्छ प्रदान कर भावभीनी विदाई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

हमीरपुर पुलिस

हमीरपुर पुलिस